# प्रेस नोट

## दिनांक 01.08.2025

## पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा शुक्रवार की परेड/पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 01.08.2025 को पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर द्वारा शुक्रवार की परेड, पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में-

◆साप्ताहिक शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया।

◆पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों की प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

◆पुलिस भोजनालय/ आर0टी0सी0 भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक कर संम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

◆पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

◆रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर, क्षेत्राधिकारी रिजर्व पुलिस लाइन्स , प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर, आर0टी0सी0 प्रभारी, समस्त आई0टी0आई0/ पी0टी0आई0 व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।